तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **ब्रहमप्रकाश भूतड़ा बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार, पीपाड़ शहर)** सू.अ.अ. अपील संख्या : 33/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.04.2022	अपीलार्थी ब्रहम प्रकाश भूतड़ा निवासी बी–19, विवेकानन्द कॉलोनी, नयाखेड़ा, जिला जयपुर (राज.) ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 05.10.2021 में उसके द्वारा (1) खसरा न. 2484/3 पटवार हलका पीपाड़ शहर तहसील एवं ग्राम पीपाड़ शहर के बंटवारे (तरमीम/तकास्मा) की समस्त पत्रावली की प्रतिलिपि से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना से 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.10 17:21:12 IST
Reason: SelfAttested